# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–28 दिसंबर 2024 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्री मोदी ने कहा है कि संविधान हमारे लिए मार्गदर्शक है और यह बड़े गर्व की बात है कि भारतीय संविधान के अगले वर्ष छब्बीस जनवरी को पचहत्तर वर्ष पूरे हो रहे हैं। **आकाशवाणी** पर **मन की बात** कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर कई गतिविधियां शुरू हुई हैं जो पूरे वर्ष चलती रहेंगी। श्री मोदी ने कहा कि संविधान की विरासत से नागरिकों को जोड़ने के लिए डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट कांस्टीट्यूशन सेवेंटी फाइव डॉट कॉम के नाम से एक विशेष वेबसाइट बनाई गई है।

***इसमें आप संविधान की प्रस्तावना पढ़ कर अपना वीडियो अपलोड कर सकते हैं। अलग–अलग भाषाओं में संविधान पढ़ सकते हैं। संविधान के बारे में प्रश्न भी पूछ सकते हैं। मन की बात के श्रोताओं से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से कॉलेज में जाने वाली युवाओं से, मेरा आग्रह है, इस वेबसाइट पर जरूर जाकर देखें, इसका हिस्सा बने।***

श्री मोदी ने कहा कि अगले वर्ष तेरह जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ होने जा रहा है और इसके लिए संगम तट पर जोरशोर से तैयारियां चल रही हैं।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में नहीं है बल्कि इसकी विविधता में भी है। उन्होंने कहा कि कुंभ एकता का महाकुंभ भी है।

**अगर कम शब्दों में मुझे कहना है, तो मैं कहूंगा महाकुंभ का संदेश एक हो पूरा देश और अगर दूसरे तरीके से कहना है, तो मैं कहूंगा गंगा की अविरल धारा न बटे समाज हमारा, गंगा की अविरल धारा न बटे समाज हमारा। साथियों इस बार प्रयागराज में देश और दुनिया के श्रद्धालु डिजिटल महाकुंभ के भी साक्षी बनेंगे।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ मेले का पूरा क्षेत्र एआई संचालित कैमरे से लैस किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को डिजिटल माध्यम से खोया और पाया केंद्र की सुविधा भी मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष दो हजार पंद्रह से दो हजार तेईस के दौरान भारत में मलेरिया के मामलों और इसके कारण हुई मौतों में अस्सी प्रतिशत तक की कमी आई है। प्रधानमंत्री ने विश्व की प्रसिद्ध चिकित्सा पत्रिका लेंसेट का अध्ययन भी साझा किया जिसके अनुसार भारत में कैंसर का उपचार समय पर शुरू करने की संभावना काफी बढ गई है। उन्होंने कहा कि कैंसर के उपचार में आयुष्मान भारत योजना ने बडी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस योजना के कारण नब्बे प्रतिशत कैंसर रोगियों का उपचार समय पर शुरू हो सका है।

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें महाकुंभ दो हजार पचीस का आमंत्रण दिया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने अपील की है कि सभी लोग आस्था के अमृतकाल के साक्षी बनें और सोशल मीडिया पर एकता का महाकुंभ हैशटैग के साथ सेल्फी भी अवश्य अपलोड करें।

**********

महाकुंभ तीर्थ क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए कल वहां सामूहिक स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जाएगा। प्रदेश के नगर विकास और उर्जा मंत्री एके शर्मा कल सुबह इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस दौरान नागवासुकी मंदिर से दशाश्वमेध घाट तक सफाई होगी, जिसमें श्री शर्मा भी श्रमदान करेंगे।

**********

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज अयोध्या पहुंच कर श्रीरामलला का दर्शन पूजन किया। इस मौके पर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि **वन नेशन वन इलेक्शन** और **वक्फ संशोधन विधेयक** को संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट आने के बाद सदन में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि कहा कि कुछ बिल ऐसे होते हैं जो रेगुलर पार्लियामेंट्री स्टीयरिंग कमेटी के पास जाते हैं लेकिन सदन में इन दोनों बिलों के लिए जेपीसी की मांग की गई थी ।

**********

जनवरी दो हजार पचीस में होने वाले गोरखपुर महोत्सव के दौरान भव्य शिल्प मेला भी लगेगा। इस मेले में जमशेदपुर की ज्वेलरी, गुजरात की काशीदाकारी, मऊ व वाराणसी की साड़ी, कश्मीरी शाल, पंजाब के ऊनी कपड़ों, राजस्थानी जूतों, आसाम बैंबू के सजावटी सामानों और लखनऊ की चिकनकारी समेत तीन सौ स्टॉल लगाए जाएंगे। क्षेत्रीय पर्यटन विभाग के उप निदेशक रवींद्र कुमार मिश्र ने बताया कि चंपा देवी पार्क में महोत्सव दस से बारह जनवरी तक चलेगा, लेकिन यह शिल्प मेला सोलह जनवरी तक चलता रहेगा।

**********

प्रदेश के अलग अलग जिलों में आज मौसम शुष्क रहा, हांलाकि कई जिलों में घने कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ। वाराणसी और इसके आसपास के जिलों में घने कोहरे के कारण सुबह के समय वाहनों की रफ्तार धीमी रही। दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार कल भी प्रदेश में कई स्थानों पर कोहरे का असर रहेगा। इकतीस दिसम्बर से चार जनवरी तक राज्य में कहीं कहीं देर रात और सुबह के समय हल्का से लेकर मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है।

**********